MEWAR GIRLS COLLEGE

Sector-5 Gandhi Nagar, Chittorgarh (Raj.) – 312001

Ph. 01472-251101, Fax-01472-251103

Ref.:-MES/2020-21/ Date : 12/10/2021

:: प्रेस नोट ::

मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज में गरबा महोत्सव का आयोजन

मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज गाँधीनगर चित्तौड़गढ़ में आज शारदीय नवरात्र के पवित्र दिनों में एक दिवसीय गरबा कार्यक्रम का आयोजन प्रोफेसर के.एस. राणा वाईस चांसलर के मुख्य आतिथ्य व डॉ. चित्रलेखा मेवाड़ विश्वविद्यालय के विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया। अध्यक्ष गोविन्द लाल गदिया ने बताया कि छात्राओं के लिए एकल गरबा (चैन राउण्ड), समूह गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला व्याख्याताओं के लिए एकल गरबा चैन राउण्ड रखा गया जिसमें सभी प्रतिस्पर्धियों ने पारम्परिक वेशभूषा में उत्साह के साथ भाग लिया। निर्णायकगण श्रीमती शशि सनाढ्य प्रान्तीय महिला एवं बाल विकास प्रभारी भारत विकास परिषद, श्रीमती आशा पोखरना सचिव मेवाड़ महोत्सव समिति व श्रीमती जया तोषनीवाल अध्यक्ष नगर माहेश्वरी महिला मण्डल थी।

निदेशक डॉ. एल.एल. शर्मा ने सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित करते हुए बताया कि मेवाड़ बेस्ट फैशन क्वीन में हर्षिता काबरा, मेवाड़ बेस्ट मेकअप में आफिया शेख, मेवाड़ बेस्ट स्माईल में मेहरून निशा प्रथम रही, मेवाड़ डांडिया क्वीन में भारती वैष्णव व मधुबाला पाटीदार क्रमशः प्रथम व द्वितीय रही। समूह गरबा में खुशनुमा एण्ड ग्रुप, सोनु एण्ड ग्रुप व कृतिका एण्ड ग्रुप क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

महिला व्याख्याताओं के एकल गरबा में नेहा अग्रवाल, प्रियंका कोटारी, कुसुम टेलर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे तथा डॉ. इन्द्रा बल्दवा को विशेष गरबा प्रस्तुति के लिए सराहा गया। पुरूष व्याख्याता चेयर रेस प्रतियोगिता में कृष्णप्रसाद मेनारिया, मुस्ताक अहमद, दिलीप जैन क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

कार्यक्रम समन्वयक उपाचार्य डॉ. इन्द्रा बल्दवा रही व संचालन छात्रा आरूषि मोदी ने किया।

सादर प्रकाशनार्थ.........................

निदेशक